राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 2022

[स्रोत: द हिंदू](#)

हाल ही में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022 के लिये 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की गई।

70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में कौन-से प्रमुख पुरस्कार प्रदान किये गए?

- **बेस्ट फीचर फिल्म:** अट्टम (मलयालम फिल्म), आनंद एकर्षी द्वारा निर्देशित।
- **बेस्ट नॉन-फीचर फिल्म:** आयना (मिरर), सिद्धांत सरीन द्वारा निर्देशित।
- **संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म:** कांतारा।
- **बेस्ट एक्टर लीड रोल**: ऋषभ शेट्टी (कांतारा)।
- **बेस्ट एक्ट्रेस लीड रोल:** नित्या मेनन (तिरुचित्राम्बलम)।
- **बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर:** पवन राज मल्होत्रा।
- **बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस**: नीना गुप्ता।
- **बेस्ट फिल्म AVGC (एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग एंड कॉमिक): ब्रह्मास्त्र-भाग 1: शिवा।**
- **बेस्ट बुक ऑन सिनेमा:** अनिरुद्ध भट्टाचार्जी और पार्थिव धर द्वारा लिखित **"किशोर कुमार: द अल्टीमेट बायोग्राफी"**।

राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार क्या हैं?

- **परिचय:** यह वर्ष 1954 में स्थापित हुआ, इसे वर्ष 1973 से भारत सरकार के डायरेक्टर ऑफ फिल्म फेस्टिवल द्वारा **इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया और इंडियन पैनोरमा** के सहयोग से प्रशासित किया जाता है।
  - **विजेताओं को एक पदक**, नकद पुरस्कार और योग्यता का प्रमाण पत्र मिलता है।
  - **फीचर फिल्मों की छह श्रेणियाँ** और नॉन-फीचर फिल्मों एवं सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन में से **दो-दो स्वर्ण कमल (गोल्डन लोटस अवॉर्ड) के लिये पात्र हैं।**
  - शेष श्रेणियाँ **रज़त कमल (सिल्वर लोटस अवॉर्ड) के लिये पात्र हैं।**
- **श्रेणियाँ:**
  - **फीचर फिल्में:** सौंदर्य और तकनीकी उत्कृष्टता वाली फिल्मों के निर्माण को प्रोत्साहित करती हैं।
    - क्षेत्रीय संस्कृतियों और राष्ट्रीय एकता की समझ को बढ़ावा देती हैं।
    - **स्वर्ण कमल पुरस्कार के अंतर्गत 6 श्रेणियाँ आती हैं:**
      - बेस्ट फीचर फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, बेस्ट चिल्ड्रन फिल्म, बेस्ट पॉपुलर फिल्म जो संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करती है और बेस्ट फिल्म इन AVGC।
  - **नॉन-फीचर फिल्में:** सामाजिक प्रासंगिकता और तकनीकी गुणवत्ता वाली फिल्में बनाने का लक्ष्य।
    - बेस्ट नॉन-फीचर फिल्म और निर्देशक की सर्वश्रेष्ठ पहली फिल्म के लिये स्वर्ण कमल पुरस्कार।
    - **विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों** की लोकप्रियता में योगदान मिलता है।
  - **सिनेमा पर सर्वश्रेष्ठ लेखन: एक कला के रूप में सिनेमा के अध्ययन एवं समालोचनात्मक प्रशंसा को प्रोत्साहन मिलता है।**
    - सिनेमा पर **सर्वश्रेष्ठ पुस्तक के लिये स्वर्ण कमल पुरस्कार** दिया जाता है।
    - पुस्तकों, लेखों, समीक्षाओं एवं अध्ययनों के माध्यम से सूचना के प्रसार को बढ़ावा मिलता है।
- **पात्रता मानदंड: फिल्मों का निर्माण भारत** में ही होना चाहिये तथा निर्देशक एवं निर्माता भारतीय नागरिक होने चाहिये। विदेशी संस्थाओं के साथ सह-निर्माण के लिये विशिष्ट शर्तों को पूरा करना आवश्यक होगा।
  - फिल्मों को प्रतिवर्ष 1 जनवरी से 31 दिसंबर के बीच [केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड](#) द्वारा प्रमाणित होना चाहिये।
  - देश भर से 100 से ज़्यादा फिल्में हर श्रेणी **(फीचर और नॉन-फीचर)** में शामिल की जाती हैं।
    - फिल्म समारोह निदेशालय द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल के पास पात्रता हेतु सख्त मानदंड होते हैं और वे सरकार या निदेशालय से प्रभावित नहीं होते हैं।

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार क्या है?

- **परिचय:**
    - यह **राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार का भाग है,** जो फिल्म उद्योग में सम्मानों का एक अत्यंत प्रतिष्ठित संग्रह है।
        - इस पुरस्कार का नाम अग्रणी फिल्म निर्माता धुंडिराज गोविंद फाल्के के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने वर्ष 1913 में भारत की पहली फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' बनाई थी।
    - यह "भारतीय सिनेमा की वृद्धि और विकास में उत्कृष्ट योगदान" के लिये दिया जाता है।
- **अवलोकन:**
    - इस पुरस्कार की शुरुआत सरकार द्वारा वर्ष 1969 में की गई थी। इस पुरस्कार के तहत एक 'स्वर्ण कमल', 10 लाख रुपए नकद, एक प्रमाण पत्र, रेशम की एक पट्टिका और एक शॉल दिया जाता है।
        - **भारत के राष्ट्रपति इस पुरस्कार को प्रदान करते हैं।**
    - इस पुरस्कार की पहली प्राप्तकर्त्ता **वर्ष 1969 में देविका रानी रोरिक थीं।**

और पढ़ें: राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, दादा साहब फाल्के पुरस्कार

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-film-awards,-2022